# शेरावाली मैया को भजले तू उद्धार हो जाए लिरिक्स

शेरावाली मैया को भजले,
तू उद्धार हो जाए,
जो भी माँ के दर पे जाए,
बेड़ा पार हो जाए,
जो भी माँ के दर पे जाए,
बेड़ा पार हो जाए।bd।

तर्ज – छुप गए सारे नज़ारे।

---

शेरावाली मैया की महिमा निराली,
वो भरती है झोली खाली,
हरती है दुख मैया सब भक्तो का,
जो बन के आये सवाली,
माँ की ममता बड़ी ही निराली है,
उनकी सूरत बड़ी भोली भाली है,
किस्मत वाला है जिसको,
माँ से प्यार हो जाये,
जो भी माँ के दर पे जाए,
बेड़ा पार हो जाए।bd।

---

शेर की सवारी मैया चुनड़ी है लाल,
कहलाती है माँ जग जननी,
भक्तों के दुख को दूर करे,
कहते है उसे दुख हरणी,
जो भी माँ के शरण मे आते है,
मन चाही मुरादे वो पाते है,
माँ की नजर हो जिसपे,
मालामाल हो जाए,
जो भी माँ के दर पे जाए,
बेड़ा पार हो जाए।bd।

---

शेरावाली मैया को भजले,
तू उद्धार हो जाए,
जो भी माँ के दर पे जाए,
बेड़ा पार हो जाए,
जो भी माँ के दर पे जाए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

**Singer – Dhiraj Kant**
**Upload By – Rupesh**
**7631601095**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com